# समाहरणालय, चतरा।

## (राजस्व शाखा)

पत्रांक–......................../रा0 दिनांक–............................

प्रेषक,

उपायुक्त,
चतरा।

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
उत्तरी वन प्रमण्डल, चतरा।

विषयः– **अंचल हंटरगंज अंतर्गत मौजा–बोडा के प्रस्तावित 132/33 के0वी0 ग्रीड सब स्टेशन निर्माण हेतु अपयोजित वन भूमि के दुगूणा क्षतिपूरक वनरोपण के संबंध में।**

प्रसंगः– **आपका पत्रांक–1267, दिनांक–26.07.2021**

महाशय्

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा अंचल हंटरगंज अंतर्गत मौजा–बोडा के प्रस्तावित 132/33 के0वी0 ग्रीड सब स्टेशन निर्माण हेतु अपयोजित वन भूमि के दुगूणा क्षतिपूरक वनरोपण हेतु अंचल कुन्दा के ग्राम–कुजरम में उपलब्ध कराई गई भूमि अतिक्रमित होने के फलस्वरूप अन्य भूमि/स्थल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कार्यालय ज्ञापांक–918/रा0, दिनांक–17.08.2019 के द्वारा चतरा जिलान्तर्गत अंचल ईटखोरी में ईटखोरी पर्यटन प्रक्षेत्र के विकास कार्य हेतु अपयोजित कुल–114.00 एकड़ भूमि के समतुल्य क्षतिपूरक वनरोपण हेतु निम्नांकित गैरमजरूआ खास जंगल–झाड़ी भूमि वन प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तरी/दक्षिणी वन प्रमण्डल, चतरा को उपलब्ध कराया गया हैः–

| क्र0 | अंचल | मौजा | थाना नं0 | खाता नं0 | प्लॉट नं0 | रकवा (एकड़ में) | भूमि किस्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कान्हाचट्टी | कुराग | 03 | 01 | 119 | 10.20 | गैर0 खास जंगल–झाड़ी |
| | | | | | 08 | 4.04 | |
| | | | | | 06 | 1.60 | |
| | | | | | 230 | 3.40 | |
| | | | | | 209 | 2.90 | |
| | | | | | 223 | 3.20 | |
| | | | | | 225 | 1.90 | |
| | | | | | 148 | 20.14 | |
| | | | | | 149 | 3.40 | |
| 2 | हंटरगंज | केवला | 272 | 01 | 126 | 5.70 | गैर0 खास जंगल–झाड़ी |
| | | नावाडीह पनारी | 20 | 57 | 567 | 14.30 | |
| (उत्तरी वन प्रमण्डल, चतरा) | | | | कुल रकवाः– | | 70.78 | |
| 3 | मयूरहण्ड | बन्हा | 182 | 23 | 1 | 10.80 | गैर0 खास जंगल–झाड़ी |
| | | | | | 4 | 9.20 | |
| 4 | ईटखोरी | नगवॉ | 104 | 47 | 2073 | 17.05 | गैर0 खास जंगल–झाड़ी |
| | | | | 7 | 2464 | 6.38 | |
| (दक्षिणी वन प्रमण्डल, चतरा) | | | | कुल रकवाः– | | 43.43 | |

1115 Sys-3

Scanned with CamScanner

उपरोक्त तालिका के अनुसार उत्तरी वन प्रमण्डल, चतरा को अंचल कान्हाचट्टी एवं हंटरगंज में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु उपलब्ध कराये गये भूमि का कुल रकवा–70.78 है। अंचल हंटरगंज के ग्राम–केवला एवं नावाडीह पनारी में भूमि का रकवा क्रमशः 5.70 एकड़ एवं 14.30 एकड़ कुल रकवा–20.00 एकड़ है, जो मौजा–बोडा में प्रस्तावित 132/22 के0वी0 ग्रीड सब–स्टेशन निर्माण हेतु अपयोजित वन भूमि के दुगूणा क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वांछित रकवा के बराबर है।

आप अवगत है कि चतरा जिलान्तर्गत ग्रीड सब–स्टेशन निर्माण सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसका क्रियान्वयन ससमय किया जाना आवश्यक है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि ईटखोरी पर्यटन प्रक्षेत्र के विकास कार्य हेतु अपयोजित भूमि के समतुल्य क्षतिपूरक वनरोपण हेतु उपलब्ध कराये गये उपरोक्त तालिका में वर्णित अंचल–हंटरगंज के ग्राम केवला एवं नावाडीह पनारी की कुल–20.00 एकड़ भूमि को मौजा–बोडा के प्रस्तावित 132/33 के0वी0 ग्रीड सब–स्टेशन निर्माण हेतु अपयोजित वन भूमि के दुगूणा क्षतिपूरक वन रोपण हेतु उपयोग में लाया जाय, ताकि ग्रीड सब–स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सके। भविष्य में ईटखोरी पर्यटन प्रक्षेत्र के विकास कार्य हेतु अधिग्रहित भूमि पर कार्य प्रारंभ किये जाने पर क्षतिपूरक वन रोपण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी जायेगी।

विश्वासभाजन,

ह0/-

उपायुक्त,
चतरा।

ज्ञापांक–744/रा0 दिनांक–25/4/2022

प्रतिलिपिः– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमण्डल, चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निदेशक, पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– सरकार के सचिव, पर्यटन कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, उर्जा विभाग, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ समर्पित।

25/4/22

उपायुक्त,
चतरा।

1116 Sys-3

Scanned with CamScanner